**बृजमोहन अग्रवाल**
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 3887/सांसद रायपुर लोकसभा/25 रायपुर, दिनांक 07/06/2025

प्रति,

माननीय मुख्यमंत्री जी
छत्तीसगढ़ शासन।

विषय :– ग्राम पंचायत नकटी विकासखंड धरसींवां, जिला रायपुर में खसरा नं. 460 रकबा 15.4790 हे. भूमि में निर्माण पर ग्राम पंचायत की आपत्ति को मान्य करते हुए यथा स्थिति बनाए रखने हेतु निर्देशित करने बाबत्।

– 0 –

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत नकटी विकासखंड धरसींवां, जिला रायपुर में खसरा नं. 460 रकबा 15.4790 हे. भूमि में शासन द्वारा निर्माण कराये जाने के लिए वहां पर वर्षो से बसे हुए 80 से अधिक घरों को उजाड़ने हेतु नोटिस जारी किया गया है। जिस पर ग्राम पंचायत एवं ग्राम वासियों द्वारा आपत्ति की गई है।

ग्रामवासी उक्त खसरे पर जिसमें वे काबिज है को छोड़कर शेष भूमि पर निर्माण की बात कर रहे है या फिर उक्त निर्माण को किसी अन्य स्थान पर करने की मांग कर रहे है। माननीय श्री देवजी भाई पटेल पूर्व विधायक धरसींवां ने भी इस विषय में मुझसे चर्चा उपरांत ग्राम वासियों से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत एवं ग्रामसभा ने विधिवत् नियमों के तहत् ग्राम पंचायत / ग्राम सभा संयुक्त बैठक में ग्राम नकटी स्थित खसरा नं. 460 रका 15.4790 हे. भूमि जो गांव के ही पूर्वजों द्वारा सम्मिलित भूमि है जिसे चारागाह के लिए जनहित में सुरक्षित एवं संरक्षित रखा गया है। उक्त संरक्षित भूमि पर छ.ग. हाउसिंग बोर्ड व विधायक कालोनी निर्माण की कार्यवाही प्रशासन द्वारा किया जा रही है। उक्त कालोनी के निर्माण के लिए ग्राम नकटी के संयुक्त चारागाह की भूमि में बसे लोगों को बेदखली करने की भी कार्यवाही की जा रही है जो कि मानवीय दृष्टिकोण से उचित नहीं है। उक्त भूमि पर गांव के ग्रामीण जन ग्राम पंचायत की व्यवस्था के अनुरूप रहने के लिए आवास बनाकर रहे है अनके लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् मकान का निर्माण भी किया है वहीं ग्राम वासियों के लिए सामुदायिक भवन आंगन बाड़ी केन्द्र जैसे अनके शासकीय योजनाओं के भवन भी वहां पर बने हुए है। वहां पर निवासरत् लगभग गरीब परिवार के लोग है एवं मजदूरी कर अपना जीवनयापन कर रहे है।

क्रमशः पेज क्र...2

Scanned with OKEN Scanner

**बृजमोहन अग्रवाल**
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 3887/सांसद रायपुर लोकसभा/25

रायपुर, दिनांक 07/06/2025



ग्राम नकटी के चारागाह में निर्मित गरीब परिवार के आवास को हटाकर छ.ग. हाउसिंग बोर्ड द्वारा वहां पर विधायक कालोनी निर्माण कराया जाना उचित नहीं है। गरीबों के आवास को छोड़कर शेष जमीन पर ही विधायक कॉलोनी के निर्माण की अनुमति दी जानी चाहिए।

कृपया जनहित में ग्राम पंचायत नकटी विकासखंड धरसीवां खसरा नं. 460 रका 15.4790 हे. भूमि में छ.ग. हाउसिंग बोर्ड द्वारा विधायक कालोनी निर्माण पर रोक लगाने हेतु समुचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करेंगे।

सादर,

(बृजमोहन अग्रवाल)

संलग्न प्रतिलिपी –

1. माननीय पूर्व विधायक धरसींवा श्री देवजी भाई पटेल का ज्ञापन।
2. ग्राम पंचायत नकटी का आपको सम्बोधित पत्र।
3. ग्राम पंचायत नकटी का 8/10/2024 को ग्राम सभा की बैठक का कार्यवाही की प्रतिलिपि।

(बृजमोहन अग्रवाल)

Scanned with OKEN Scanner